

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

श्रेया घोषाल ने कोलकाता में पोस्टपोन किया कॉन्सर्ट


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 152 ■ सोमवार, 2 सितंबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# गणेशोत्सव की तैयारियां जोरों पर

■ कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद गणेश मूर्तियों समेत अन्य चीजों की मांग

■ गणेश मूर्तियों पर कलाकारी का काम आखिरी चरण में

**उल्हासनगर.** 7 सितबंर से शुरू होने जा रहे गणेश उत्सव की तैयार जोर-शोर से शुरू हो गई है। हर बार की तरह इस बार भी मुंबई, ठाणे जिला समेत पूरे उपनगर में गणेशोत्सव की खरीदारी के लिए बाजारों लोगों की भीड़ उमड़ रही है. मूर्तिकार भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं को बनाने में रात दिन जुटे हैं। हालांकि इस बार पिछले साल की अपेक्षा मूर्तियों के दामों में भी 20 से 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस साल बड़ी गणेश भगवान की मूर्ति में करीब 10 फीसदी से अधिक की कमी हुई है। इस बार सबसे ज्यादा बुकिंग छोटी-छोटी मूर्तियों की हुई हैं। वहीं कुछ ही लोगों ने इस बार 6 फिट की मूर्ति का ऑर्डर दिया है। इन मूर्तियों की डिमांड इसलिए होती है कि पंडाल में इन्हें सहजता से ले जाया जा सके।

वहीं दूसरी ओर आरती के लिए श्रद्धालु ताल, मृदंग, ढोलकी खरीदने के लिए निकल रहे हैं। ढोल-ताशा टीमें भी तैयार हो रही हैं। कुछ प्रतिष्ठित सार्वजनिक मंडलों की विशाल गणेश प्रतिमाएँ मंडप में जुलूस के रूप में स्थापित की गई हैं। इन मंडलों की सजावट की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। कई गणेशोत्सव मंडलों में आरती और भजन के दौरान ढोलकी और ताल बजाया जाता है। इसलिए इन दिनों ढोलकी और ताल की काफी मांग है। इसलिए साल भर से खेत में फंसे ढोल वादकों को नया वाद्ययंत्र उपलब्ध कराने के लिए ढोल वादक दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. लालबाग के दामोदरदास गोवर्धनदास म्यूजिकल शॉप, ईश्वरलाल छोटेलाल तबला मर्चेंट, ओम गणेश म्यूजिकल दुकानों में खरीदारी के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पीतल के ताल और झांझ की कीमतों में करीब 35 से 40 फीसदी की बढ़ोतरी के बावजूद खरीदारी की जा रही है। मुंबादेवी के तांबा काटा बाजार में भगवान गणेश की धातु की मूर्तियां, पूजा के बर्तन, समई, पंच पात्र, दीपक, धूपदान खरीदने वाले ग्राहकों की भीड़ देखी जाती है।

मुंबई के साथ-साथ कोंकण में भी गणेशोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। गणेशोत्सव के दौरान भजन, कीर्तन, सामूहिक आरती, जखड़ी, ढोल और ताल की साथ हमेशा विस्मयकारी होते हैं। इसलिए, कोंकण से कुछ लोग इन दिनों ढोलकी और मृदंगा की मरम्मत के लिए मुंबई आते हैं। ताल और ढोल में भी बहुत भिन्नता है। एक पुरानी ढोलकी को नई बनाने में 1000 से 1500 रुपये का खर्च आता है. स्याही लगाने के लिए प्रति ढोलकी 300 रुपये, जबकि तबला भरने के लिए 800 से 1000 रुपये लिये जाते हैं. साथ ही मृदंग को एक तरफ से भरने के लिए 1000 से 1200 रुपये तक लिये जा रहे हैं.



### ■ मूर्तियों के दाम भी बढ़ गए

एक मूर्तिकार ने बताया कि मूर्तियों के दाम इसलिए भी बढ़ गए हैं, क्योंकि बाजार में सामग्री के दामों में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। मूर्तियों बनाने में लगने वाली रस्सी, मिट्टी, बोरी के दाम बाजार में बढ़ गए हैं। मूर्ति बनाने में लगने वाली अन्य सामग्री के दाम भी बढ़ गए हैं। मूर्तिकारों ने अनेक रूपों में भगवान गणेश की मूर्तियां बनाई है। भगवान गणेश को मूषक, कमल, हाथी शंकर में विराजमान कर मूर्तियों को अंतिम रूप देने में कलाकार जुटे हुए हैं। मूर्तियों में अब कलर का काम बाकी है जो शुरू हो गया है।

## उल्हासनगर में विशाल मूर्तियों का आगमन शुरू



10 दिन चलने वाले सबके प्रिय गणेशोत्सव की शुरुआत शनिवार 7 सितंबर को हो रही है जिसके लिए उल्हासनगर शहर में विशाल मूर्तियों का आगमन भी जोरों पर हो रहा है। कल उल्हासनगर पुलिस द्वारा गणेश मंडलों के साथ बैठक की गई जिसमें मनपा प्रशासन व बिजली अधिकारी भी उपस्थित थे। सभी गणेश मंडलों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई और ध्वनि प्रदूषण का खासकर ध्यान रखने को कहा गया। मंडलों के सदस्यों ने भी अपने सुझाव दिए। त्यौहार शांतिपूर्वक हो इसके लिए मंडल सदस्यों को आग्रह किया गया है कि पुलिस व प्रशासन को सहयोग करें। वहीं गणेशोत्सव का कल आखिरी रविवार होने के कारण उल्हासनगर-2 के प्रमुख बाजारों में खरीदारों के भारी भीड़ रही। शहर में गड्ढे होने के कारण विशाल मूर्तियों के आगमन में गणेश भक्तों को भारी परेशानी हुई। शहर में बड़े सार्वजनिक मंडलों की विशाल मूर्तियों का आगमन शुरू हो चुका है।

## अनाधिकृत दुकान-मकानों पर चला मनपा का बुलडोजर



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में संकरी सड़कों के कारण काफी ट्रैफिक जाम रहता है. इस मामले को ध्यान में रखते हुए मनपा आयुक्त विकास ढाकने के आदेशानुसार उल्हासनगर के प्रभाग समिति-2 अंतर्गत पंजाबी कॉलोनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई की गई. इस कार्रवाई में 20 अनधिकृत दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चलाया गया.

उल्हासनगर कैंप-3 में कीर्ति केयर हॉस्पिटल से पंजाबी कॉलोनी चौक तक सड़क का चौड़ीकरण चल रहा है और महानगर पालिका ने दुकानों और घरों को अपनी संपत्ति खुद ही तोड़ने के लिए कई नोटिस जारी किए हैं। लेकिन, संबंधित दुकानदारों व मकान मालिकों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था.

इस इलाके में बहुत ज्यादा ट्रैफिक रहता है और सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण के कारण काफी ट्रैफिक जाम होता है. मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने इस सड़क का निरीक्षण करने के बाद इन अतिक्रमणों को तोड़ने का आदेश दिया. इसके बाद अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, वार्ड समिति-2 के सहायक आयुक्त मनीष हिवरे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विरोधी टीम ने कार्रवाई कर 20 अतिक्रमणों को बेदखल कर दिया है.

आयुक्त विकास ढाकने ने शहर की कुछ सड़कों को चरणबद्ध तरीके से चौड़ा करने का निर्णय लिया है और उसी के अनुरूप यह कार्रवाई शुरू हो गयी है. अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने यह जानकारी दी. सड़क चौड़ीकरण की इस कार्यवाही से नागरिकों ने संतुष्टि व्यक्त की है। हालांकि, स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस कार्रवाई में सिर्फ गरीबों के मकान और दुकानों को निशाना बनाया गया है, अमीरों के निर्माण को छोड़ दिया गया है.

## छात्रा को अश्लील फुटेज दिखाने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

**भिवंडी.** भिवंडी महानगर पालिका स्कूल की सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा को मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है. इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने 40 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया है. जब पीड़िता स्कूल जाने से इनकार करने लगी तो उसके माता-पिता ने लड़की से इस बारे में पूछा। जिसके बाद इस तरह की बात सामने आई है.

पीड़ित लड़की 12 साल की है और भिवंडी के एक मनपा स्कूल में पढ़ती है। वह पिछले कुछ दिनों से स्कूल जाने में आनाकानी कर रही थी। जब उसके पिता ने उससे इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसका टीचर उसे मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ छेड़छाड़ करता है। इसके बाद माता-पिता तुरंत शांतिनगर पुलिस स्टेशन पहुंचे। संबंधित शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है.

## छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर आंदोलन

**मालवन की घटना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन - उल्हासनगर में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मालवण के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज के पुतले के टूटने के विरोध में और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शहर से गुजरने वाले कल्याण-कर्जत राजमार्ग पर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर धरना दिया। आंदोलन के कारण शहर में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया.



मालवण के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अपमान को लेकर पूरे राज्य में आक्रोश है। घटना एवं आरोपियों की शीघ्र उच्चस्तरीय जांच और सजा की मांग विरोध प्रदर्शन के मौके पर की गयी.

आंदोलनकारियों ने लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार और प्रतिमा निर्माण के बाद से हुई अनियमितताओं के खिलाफ भी आवाज उठाई. स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के बयान पर आंदोलनकारियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. केसरकर के बयान को आपत्तिजनक और अपमानजनक बताते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई.

इस आंदोलन में प्रहार जन शक्ति पार्टी के अधिवक्ता स्वप्निल पाटिल, राष्ट्रीय छावा एसोसिएशन के विशाल भोसले, निखिल गोले, राष्ट्रीय कल्याण पार्टी के शैलेश तिवारी, वालधुनी नदी संरक्षण समिति के शशिकांत दायमा, अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मनोज कोर्डे, तुषार बागुल, दीपक गाडे, पीयूष वाघेला, नरेश गायकवाड़, प्रीति भोसले, प्रफुल्ल भोसले, भानु पाल आदि ने भाग लिया.

सूत्रों ने जानकारी दी है कि विभिन्न संगठनों ने आंदोलन के बाद आगे की कार्ययोजना तय करने के लिए बैठक बुलाई है. इस घटना के विरोध में राज्य भर में और अधिक विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई जा रही है। आंदोलनकारियों ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की छवि का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. आंदोलनकारियों ने अपने भाषण में घटना की जांच के लिए तत्काल एक कमेटी के गठन की मांग की. साथ ही लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार की जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने की कसम खाई।

बदलापुर यौन उत्पीड़न

## आरोपी की शिनाख्त को कोर्ट ने दी मंजूरी



**कल्याण.** बदलापुर में एक स्कूल में दो नाबालिग बच्चियों के यौन उत्पीड़न मामले में अब आरोपी की शिनाख्त परेड कराई जाएगी। इस घटना पर बदलापुर में भारी रोष देखा गया था और गुस्साए लोगों ने स्कूल में भी तोड़फोड़ की थी। जबकि रेलवे स्टेशन पर भी प्रदर्शनकारियों की भीड़ जुट गई थी और उन्होंने ट्रेन रोक दी थी। मामले में गठित एसआईटी ने कोर्ट से अपील की कि आरोपी की शिनाख्त परेड की इजाजत दी जाए।

जिसके बाद कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया है। शिनाख्त परेड एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में होगी। जहां पीड़िता आरोपी की पहचान करेगी। आरोपी की शिनाख्त के बाद एसआईटी आरोपी की साइकोलोजिकल प्रोफाइल तैयार करेगी जो कि मामले की जांच में मदद करेगा।

साइबर पुलिस और क्राइम ब्रांच दोनों ट्रस्टी की तलाश कर रही है। एसआईटी ने दोनों ट्रस्टी के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करते हुए उन्हें बयान दर्ज करने बुलाया था। लेकिन दोनों जांच में सहयोग नहीं कर रहे।

## अंबरनाथ के दोनों वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों का तबादला रुका

■ ये क्या गोलमाल है?

■ लोगों की समझ से बाहर

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों का तबादला पुलिस आयुक्तालय द्वारा रोक दिया गया है. अंबरनाथ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलसकर को पदोन्नति देकर पुणे का पुलिस उप अधीक्षक मोटर वाहन प्रशासन बनाकर भेजा गया था. शिवाजी नगर पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत को पुलिस उप अधीक्षक, महाराष्ट्र पुलिस अकादमी में भेजा गया था. दोनों अपना चार्ज छोड़कर जानेवाले थे कि 31 अगस्त को पुलिस आयुक्तालय की तरफ से दोनों के तबादले को रोक दिया गया है. फिर से उन्हें आदेश दिया गया है कि वह अपने स्थान पर अगला आदेश आने तक बने रहें. दोनों को जो पदोन्नति दी गई है, उसे कायम रखा गया है.

विदित हो कि इससे पूर्व उल्हासनगर जोन-4 के पुलिस उपायुक्त सुधार पाठारे का भी पहले तबादला करके फिर से उसे रोकने का आदेश दिया गया था. लोगों की समझ में ये नहीं आ रहा है कि ये गोलमाल कैसे हो रहा है? पहले तबादला कर दिया जाता है फिर से उसे रोक दिया जाता है. दोनों पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों की पदोन्नति होने पर उनका 31 अगस्त को सत्कार भी किया गया था, जिसमें विधायक बालाजी किणीकर भी उपस्थित थे. गणेशोत्सव एवं ईद-ए-मिलाद को देखते हुए तबादलों को रोका गया है, ऐसा पुलिस आयुक्तालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है.

विदित हो कि दोनों पुलिस निरीक्षकों के तबादले का आदेश 30 अगस्त को आता है और 31 अगस्त की शाम में इस तबादले को रोक दिए जाने का आदेश जारी होता है.

## गड्ढों व ट्रैफिक से नागरिक बेजार

**कल्याण.** हर साल बारिश का मौसम शुरू होते ही शहर की सड़कें गड्ढों से भर जाती हैं. प्रशासन सीमेंटेड सड़कें बनाने का दावा करता है; लेकिन उन सड़कों पर भी डामर सड़क जैसी गड्ढायुक्त स्थिति देखने को मिलती है। सड़क के गड्ढे भरने के लिए करोड़ों का टेंडर दिया जाता है; लेकिन राशि खर्च होने के बाद भी समस्या बनी हुई है. इसलिए, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र में नागरिक गड्ढों और ट्रैफिक जाम से तंग आ चुके हैं।

गड्ढों के कारण रीढ़ की बीमारियां बढ़ गई हैं। यात्री गर्दन दर्द, कमर दर्द से परेशान हैं. गड्ढों के कारण जहां ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है, वहीं घंटों तक वाहनों में बैठे रहने के कारण पीठ दर्द के मरीज भी बढ़ रहे हैं। साथ ही डॉक्टर ने चौंकाने वाली जानकारी दी कि घुटने के दर्द के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है. गड्ढों से गर्भवती महिलाओं को परेशानी होती है। साथ ही दूसरी ओर मानसिक परेशानी भी बढ़ गई है. जाम में फंसने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इससे ट्रैफिक पुलिस और अन्य वाहन चालकों से विवाद बढ़ रहे हैं। कुल मिलाकर नागरिकों का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है।

## शहाड़ पुल पर गड्ढों का साम्राज्य

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** कल्याण-नगर राजमार्ग पर स्थित शहाड़ पूल की अवस्था दयनीय स्थिति में बनी हुई है। बदहाल सड़क के कारण नागरिक व वाहनचालकों को आवागमन में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। पूल पर मौजूद गड्ढों की समस्या को लेकर आम लोगों से मिल रही शिकायतों के चलते शनिवार को शिवसेना के कल्याण पश्चिम शहर प्रमुख रवि पाटील ने संबंधित अधिकारियों के साथ शहाड़ पूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ने पूल पर बने गड्ढों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के उपरांत रवि पाटील ने कहा कि खराब रास्ते की वजह से आम लोगों को काफा तकलफ पेश आ रही है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद गड्ढों को लेकर मनपा के अधिकारी गंभीरता से विचार नहीं कर रहे हैं। उन्होंने गड्ढों पर ठोस उपाय करने की मांग की है। साथ ही रवि पाटील ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आने वाले दो दिन में शहाड़ पूल के गड्ढों को नहीं भरा गया तो शिवसेना स्टाइल में आंदोलन किया जाएगा। जिसपर राजमार्ग विभाग की अधिकारी सविता सांगले ने यह आश्वस्त किया है कि दो दिन में शहाड़ पूल के गड्ढों को भरा जाएगा। साथ ही पूल की मरमत के लिए दस करोड़ रुपये की निधि मंजूरी की गई है। जल्द ही पूल की मरम्मत का काम भी शुरू करने की बात अधिकारी ने कही।

## अंबरनाथ में बेरोजगारों के लिए रोजगार शिविर संपन्न



■ हिंदवी भारत संघ द्वारा शानदार कार्यक्रम का आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** हिंदवी भारत संघ के संचालक सत्यवर्धन बैरागी की ओर से अंबरनाथ के महात्मा गांधी विद्यालय में बेरोजगारों के लिए रोजगार शिविर का आयोजन रविवार को हुआ, जिसमें उद्योग संधि शिविर और उद्घाटन कार्यक्रम हुआ. महाराष्ट्र खादी महामंडल अध्यक्ष रविंद्र साटे ने प्रधानमंत्री रोजगार निर्मिती योजना, मुख्यमंत्री रोजगार निर्मिती योजना, मधुमक्खी पालन एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल्य सम्मान योजना एवं इस योजना पर मिलने वाले कर्ज, सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि लाखों बेरोजगारों के लिए नौकरी उपलब्ध नहीं है. उन्हें अब स्वतः के रोजगार को शुरू कर देना चाहिए, जिसमें सरकार, कर्ज एवं सब्सिडी भी देती है. सत्यवर्धन बैरागी ने प्रस्तावना करते हुए कहा कि हमारी संस्था बेरोजगारों के लिए सरकारी महकमे से हर मुमकिन सहायता लेकर देने में हमेशा तत्पर रहेगी. तेजनारायण बाबा ने कहा कि ये संस्था बेरोजगारों के लिए लाभदायी होगी. उन्होंने कहा कि संस्था किसी धर्म जाति से ऊपर उठकर कार्य करेगी. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने शिविर के आयोजन पर सत्यवर्धन को बधाई दी. दिलीप दलाल आदि ने भी मार्गदर्शन किया. अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, यूसुफ शेख एवं शहर के पत्रकारों ने सत्यवर्धन को फेटा पहनाकर बधाई दी. उनकी सत्कार किया. कार्यक्रम में एड. कृष्णा पाटिल, धनंजय सुर्वे, स्वप्निल बागुल, पन्ना वारिंगे, भरत फुलोरे, संजय आदक, मनोज सिंह, प्रमोद पांडे आदि उपस्थित थे. ढोल ताशे की धुन एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के पोवाड़े के गायकों ने उपस्थितों का दिल जीत लिया.

## ठाणे जिले में महापुरुषों के पुतलों का होगा स्ट्रक्चर ऑडिट

■ मालवन हादसे के बाद जिला प्रशासन अलर्ट पर

**ठाणे.** मालवण के राजकोट में छत्रपति शिवाजी महाराज का पुतला गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। इस घटना का तीखा असर हर तरफ हो रहा है. जिले के पालक मंत्री शंभुराज देसाई ने जिला प्रशासन को इस घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ठाणे जिले में सरकारी और निजी संगठनों द्वारा स्थापित विभिन्न मूर्तियों का संरचनात्मक ऑडिट करने का आदेश दिया। वह हाल ही में गणेशोत्सव विसर्जन जुलूस और ईद-ए-मिलाद जुलूस के संबंध में ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय में आयोजित पुलिस और मनपा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

मालवण के राजकोट में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक मूर्ति ढह गई। इस घटना के बाद राजनीतिक, सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्र सहित सभी स्तरों पर इस घटना की निंदा की गई. विपक्ष ने सरकार की आलोचना की. इस घटना के विरोध में महा विकास अघाड़ी, मराठा क्रांति मोर्चा और सकल मराठा समाज की ओर से ठाणे शहर और जिले के विभिन्न



हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया गया. इस मौके पर ठाणे के मसुंदा तालाब स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया. साथ ही यह मांग भी जोर पकड़ रही है कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने के लिए जिम्मेदार सभी संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

वहीं पालक मंत्री शंभूराज देसाई ठाणे जिले में गणेशोत्सव और ईद-ए-मिलाद की पृष्ठभूमि की समीक्षा करने के लिए ठाणे कलेक्टरेट के निजोजन भवन में आए थे। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने ठाणे जिला प्रशासन को अपने अधिकार क्षेत्र में सरकारी और निजी संगठनों द्वारा स्थापित की गई मूर्तियों का सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से संरचनात्मक ऑडिट कराने का निर्देश दिया, ताकि घटित घटना की पुनरावृत्ति से बचा जा सके।

### महागठबंधन 200 से ज्यादा सीटें जीतेगा

जब पालक मंत्री शंभूराज देसाई से आगामी विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में सीटों के बंटवारे के बारे में पूछा गया, तो देसाई ने भी विश्वास व्यक्त किया कि परिणाम संतोषजनक होंगे और महागठबंधन 200 से अधिक सीटें जीतकर फिर से सत्ता पर काबिज होगा.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मजबूत हुई भारत की अर्थव्यवस्था

कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरुआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गई थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है और एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है।

इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है।

गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है।

इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है।

यह देखने की बात होगी कि देश के विकास में गरीब तबकों के समावेशन के जिस मकसद से इस योजना की नींव रखी गई थी, वह आने वाले वक्त में किस हद तक वास्तव में जमीन पर उतरती है।

# काल बनने लगे आवारा पशु और आदमखोर भेड़िए

भेड़िए का मानव रक्त पीना पहेली जैसा है। वनों के आसपास के गांवों में भेड़ियों के हमले की छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी कई बार सुनने में आईं, पर भेड़िए इतने खतरनाक और खूनी होते हैं, यह पहली बार लोगों ने जाना। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के बाशिंदे पिछले कुछ समय से आदमखोर भेड़ियों के चलते दहशत में हैं। करीब चार भेड़िए काफी मशक्कत के बाद पकड़े गए हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से कहा गया है कि सभी आदमखोर भेड़ियों को पकड़ लिया गया है, पर 30 अगस्त को तड़के एक भेड़िया फिर ग्रामीणों को दिखा। उसके बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा काटना शुरू किया, तो मजबूरन प्रशासन को 'ऑपरेशन भेड़िया' फिर से तेज करना पड़ा है।

बहराइच के करीब 30-35 गांवों में पिछले करीब दो महीने से इंसानी खून के प्यासे कुछ भेड़ियों ने ऐसा आतंक मचाया है कि लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं। सरकारी दावे के मुताबिक, आठ बच्चों समेत नौ लोग अब तक इन भेड़ियों के शिकार बन चुके हैं, जबकि तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों के उनके हमलों में घायल होने की सूचना है। इन ग्रामीण इलाकों के लोग पूरी-पूरी रात जागकर बिता रहे हैं, क्योंकि भेड़ियों के हमले अलग-अलग इलाकों में दर्ज किए गए हैं।

यह सचमुच चिंता की बात है। इन घटनाओं ने एक बार फिर हमारी प्राथमिकताओं की ओर ध्यान खींचा है। एक तरफ तो हम अंतरिक्ष अध्ययन के क्षेत्र में दुनिया के दिग्गज देशों को अपनी वैज्ञानिक प्रगति से पछाड़ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर 40-42 किलो वजन के चंद हिंसक



भेड़िए हमारी पकड़ में नहीं आ पा रहे। गौर कीजिए, इन आदमखोर भेड़ियों को काबू में करने के लिए गुजरात और मध्य प्रदेश से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। उनकी दर्जन भर टीमों ने इन हिंसक जीवों को पकड़ने के लिए खूब खाक छानी। कहा जाता है कि भेड़िए कभी भी अकेले नहीं चलते, उन्हें झुंड में रहना या झुंड में शिकार करना पसंद है। फिर भी उनकी धर-पकड़ मुश्किल बनी हुई है। इन पर निर्णायक नियंत्रण के लिए अब शासन स्तर से थाइलैंड के विशेषज्ञों से संपर्क साधा गया है।

भारत में हिंसक जंगली जीवों के हमले का लंबा-चौड़ा इतिहास रहा है। हिन्दुस्तान के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जानवर आतंक मचाते रहे हैं। जैसे, छत्तीसगढ़ में हाथियों के हमले में 2019 से 2023 के बीच 499 लोग मारे जा चुके हैं। तराई के इलाकों में आदमखोर शेरों ने पिछले चार वर्षों में 540 लोगों को अपना शिकार बनाया है। झारखंड में बागड़बिल्लों, असम में बाघों का आतंक हमेशा से रहता है। पहाड़ी इलाकों में खुराफाती बंदरों और मैदानी इलाकों में आवारा पशुओं के चलते भी सैकड़ों लोग हर साल अपनी जान गंवाते हैं। बीते तीन वर्षों में समूचे हिन्दुस्तान में जंगली जानवरों के हमलों और आवारा पशुओं के चलते करीब 4,800 लोगों की जान चली गई। यह आंकड़ा साल-दर-साल घटता-बढ़ता रहा है।

कुछ जंगली जानवरों के हमले के कारण होने वाले नुकसान की भरपायी के लिए राज्यों की हुकूमतों ने मुआवजा देने का प्रावधान किया है। उदाहरण के तौर पर, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र में, यानी नेपाल से सटे इलाकों में शेरों के बढ़ते आक्रमण के बाद राज्य सरकार ने चार से पांच लाख रुपये बतौर मुआवजा देना आरंभ किया है, लेकिन कोई भी मुआवजा इंसानी जान का विकल्प नहीं हो सकता। इसलिए सरकार को इस समस्या के निदान के लिए कोई कारगर विधि अपनानी होगी।

घटनाएं चूंकि अब गंभीर रूप लेने लगी हैं और इनके कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, इसलिए विज्ञान व आधुनिक तकनीक की मदद से इस पहेली को सुलझाने की जरूरत है। यह अध्ययन का विषय है कि आखिर ये भेड़िए इतने हिंसक क्यों हुए? क्या पर्यावरण में हो रहे बदलाव की वजह से भी इन जीवों का व्यवहार बदल रहा है? जाहिर है, जानवरों की बदलती प्रकृति के प्रति हमें संवेदनशील होना पड़ेगा। हमें इस सवाल का भी जवाब तलाशना होगा कि इनसे निपटने के क्रम में इनको मारने का पारिस्थितिकी तंत्र पर क्या असर पडेग़ा? आवारा कुत्तों के आदमखोर बनने या पालतू कुत्तों के अचानक आक्रामक हो जाने की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। इसलिए जानवरों की वजह से बढ़ते भय को कम करने के प्रयास अब जरूरी हो चले हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

यह आवश्यक है कि हम स्वयं अध्यात्म का व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त करें। ऐसा तब हो सकता है जब हम ध्यानाभ्यास में बैठें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बीजिंग को दिखाना होगा लचीला रुख

भारत और चीन के बीच विवादित सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बहाल करने के मकसद से बेजिंग में हुई परामर्श और समन्वय के लिए कार्यतंत्र यानी डब्लूएमसीसी की इकतीसवीं बैठक निस्संदेह आशाजनक कही जा सकती है। इस बैठक में दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा पर तनाव को कम करने और लंबित मुद्दों का समाधान खोजने के लिए ऐसी बातचीत बेहद जरूरी है, जो स्पष्ट, रचनात्मक और भविष्य की जरूरी संभावनाओं के प्रति उन्मुख हो।

### आसियान और शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान बनी थी सहमति

यह बैठक दरअसल, पिछले महीने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की आसियान और शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों में सीमा विवाद को सकारात्मक ढंग से निपटाने को लेकर बनी सहमति के आधार पर बुलाई गई थी। यों भारत-चीन सीमा विवाद पुराना है, मगर चार साल पहले गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के बाद कड़वाहट बढ़ गई थी। वह तनाव अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। तब से लेकर अब तक इसे सुलझाने के लिए राजनयिक और सैन्य स्तर की कई बैठकें हो चुकी हैं। ताजा बैठक उसी की कड़ी थी।

इसे सकारात्मक रुख माना जाना चाहिए कि चीन ने कभी सीमा विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत से खुद को अलग नहीं किया। कुछ मौकों पर तो खुद चीन के सैन्य अधिकारियों ने भी बैठक बुलाई और उसके सकारात्मक



नतीजे भी देखने को मिले। अगर चीन सचमुच सीमा पर शांति और स्थायित्व का पक्षधर है, तो उससे लचीले रुख की अपेक्षा स्वाभाविक है। दरअसल, अनेक मौकों पर देखा गया है कि बैठकों में तो चीन के अधिकारी सकारात्मक रुख जाहिर करते हैं, पर व्यवहार में वहां की सेना विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ती नजर आती है।

भारत की शिकायत अभी अपनी जगह बनी हुई है कि चीन ने भारत के हिस्से वाले भूखंड पर नजर गड़ाई हुई है। कई जगह उसने अवैध निर्माण तक की कोशिश की है। राजनीतिक स्तर पर भी चीन की रणनीति भारत को चारों तरफ से घेरने की ही देखी जाती रही है। वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी पैठ बना कर एक तरह से भारत पर सामरिक शिकंजा कसने का प्रयास करता देखा जाता है।

दो देशों के रिश्ते पारदर्शिता पर ही टिकाऊ और स्थायी बन सकते हैं। ऐसा नहीं हो सकता कि विश्व मंचों और औपचारिक बैठकों में तो रचनात्मक संबंधों की जरूरत पर बल दिया जाए और व्यवहार में संदेह पैदा करने वाली गतिविधियां चलाई जाएं। पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश में उसने आर्थिक सहयोग के नाम पर जैसी गतिविधियां चलानी शुरू की हैं, वे भारत के लिए किसी भी रूप में रचनात्मक नहीं कही जा सकतीं।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दबदबा कायम करने के लिए चीन ने जिस तरह की सामरिक बाड़बंदी की है, वह भी भारत के लिए चिंता का विषय है। इन सबके बावजूद भारत व्यापारिक मामलों में चीन का एक बड़ा सहयोगी है। इसलिए केवल कूटनीतिक स्तर पर समन्वय का आदर्श पेश करने के बजाय जब तक वह व्यावहारिक धरातल पर भारत के मामले में विस्तारवादी नीतियों का त्याग नहीं करेगा, इसके सकारात्मक नतीजे निकलने मुश्किल बने रहेंगे।

# 6 हजार साल पुरानी गुफा में मिले 45 से ज्यादा शैलचित्र

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर ग्राम दुधीटांगर में पुरातत्व विभाग के मार्गदर्शक हरि सिंह क्षत्रिय के द्वारा एक गुफा की खोज गई है. इसमें 45 से अधिक शैलचित्र मिले हैं, जिन्हें पत्थरों पर उकेरा गया है. इन चित्रों में हिरण, सांभर, श्वान, बकरी, तेंदुआ, सियार के अलावा पदचिन्ह और मानवाकृति के अलावा ज्यामितीय चित्र शामिल हैं.

गुफा की खोज कोरबा जिले में पदस्थ पुरातत्व विभाग के मार्गदर्शक हरि सिंह क्षत्रिय ने की है. हरि सिंह का दावा है कि यह गुफा ताम्रपाषाण युग की है.

पुरातत्व विभाग के

**जरा हट के**

मार्गदर्शक हरि सिंह क्षत्रिय ने Local18 को बताया इसकी सूचना पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री से सम्मानित केके मोहम्मद, कर्नाटक के पुरातत्वविद रवि कोरीसेट्टार, वाकणकर शोध संस्थान उज्जैन के पदाधिकारी व पुरातात्विक जानकार विनीता



देशपांडे के अलावा स्थापत्य कला विशेषज्ञ इंद्रनील बंकापुरे कोल्हापुर को वीडियो कॉल के माध्यम से दी है.

शैल चित्रों को देखकर के.के. मोहम्मद ने संभावना जताई है कि चित्र ताम्रपाषाण युग के हो सकते हैं,जिनका संबंध 4000 ईसा पूर्व से है.

आपको बता दें कि हरिसिंह लगातार कोरबा के जंगलों में खोज करते रहते हैं. कोरबा जिले में आदिमानवों के अनेक ठिकानों की खोज हरि सिंह क्षत्री द्वारा पूर्व में की गई है जिसमें इस प्रकार के चित्रों को उकेरा गया है.

इसके पहले भी 25 नवंबर 2023 को बड़ी संख्या में ऐसे ही चित्रों की खोज हरिसिंह क्षत्रिय के द्वारा ग्राम पंचायत लेमरू के आश्रित ग्राम बढ़नी में की गई थी. विशेषज्ञों द्वारा दोनों ही शैलाश्रयों को मेसोलिथिक काल का माना जा रहा है.

# ऑफिस में इन बातों का रखें ध्यान

### ...तो सहकर्मियों के बीच बढ़ेगा सम्मान

एक महिला के लिए हर दिन घर से निकलकर समय पर ऑफिस पहुंचना अपने सहकर्मी पुरुषों की तुलना में काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि वो सुबह उठकर सिर्फ तैयार होकर ऑफिस के लिए नहीं निकलती। वो ऑफिस निकलने से पहले घर, रसोई और बच्चों से जुड़े ढेरों काम निपटाकर निकलती हैं। समय पर ऑफिस पहुंचकर उनकी चुनौती खत्म नहीं होती। कामकाजी महिलाओं की चुनौती अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने से लेकर प्रभावी तरीके से अपनी बात रखने तक जारी रहती है।

उनकी कम्यूनिकेशन के तरीके को ऑफिस में हमेशा उनके स्वभाव से जोड़कर देखा जाता है। यह आम अवधारणा है कि महिलाओं को ऑफिस में प्रभावी तरीके से बात रखने के लिए अपने ऊपर गंभीरता का चोला डालना होगा वर्ना कोई उनकी बात नहीं सुनेगा। यहां मुखरता और आक्रमकता के फर्क को समझना जरूरी है। जहां आक्रामकता कम्यूनिकेशन का नकरात्मक रूप है, वहीं मुखरता सकारात्मक। जब आप दमदार तरीके से अपनी बात कहीं रखती हैं, तो आप ना सिर्फ खुद को बल्कि दूसरों को भी वह सम्मान देती हैं, जिसके वो हकदार हैं। पर, ऑफिस में आपसी संवाद के सही तरीके पर पकड़ बना पाना महिलाओं के लिए आसान नहीं।

कामकाजी महिलाएं अगर नरमी और सामने वाले की भावना का ध्यान रखते हुए अपनी बात कहें, तो उन्हें भावुक कहकर खारिज कर दिया जाता है। वहीं, अगर वो दृढ़ता से अपनी हर बात कहें, तो उन्हें गुस्सैल करार देने वालों की संख्या भी कम नहीं होती। ऑर्गेनाइजेशन साइंस नाम की पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन की रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं अगर टीम मीटिंग में एक साथ आक्रामकता और मुखरता दोनों जाहिर नहीं कर पाती हैं, तो उन्हें अपने सीनियर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल जाती है।



कम्यूनिकेशन के मामले में इस संतुलन को साधने की जद्दोजहद के कारण 37 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 46 प्रतिशत महिलाएं बर्नआउट की शिकायत करती हैं। कैसे सही कम्यूनिकेशन के हुनर से ऑफिस में अपनी शख्सीयत को बनाएं दमदार, आइए जानें:

### कीजिए खुद की वकालत

करियर की राह में अगर आपको आगे बढ़ना है, शीर्ष पर पहुंचना है, तो आपको अपनी कार्यक्षमता और स्किल्स के बारे में लोगों को बताना सीखना होगा। आपका काम आपकी कार्यक्षमता के बारे में नहीं बताएगा। आपको खुद यह बात बतानी होगी। अपनी जिम्मेदारियों से ज्यादा काम साल भर करने के बाद बेहतर सैलरी की उम्मीद मन में रखने से बेहतर तरीका यह होगा कि आप अपने बॉस से स्पष्ट रूप से यह बात करें कि आपको क्यों लगता है कि इस साल आपकी सैलरी ज्यादा बढ़नी चाहिए। आप बॉस को यह भी बता सकती हैं कि आपकी वजह से संस्था को क्या-क्या लाभ मिला है। कई बार बॉस को वाकई यह नहीं मालूम होता है कि आप क्या-क्या जिम्मेदारियां निभा रही हैं। ऐसे में स्पष्ट रूप से अपनी बात रखने में कोई बुराई नहीं है।

### दमदार भाषा का करें इस्तेमाल

ऑफिस में आप क्या बोलती हैं, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आप उसे किस तरह से बोलती हैं। मैनेजमेंट साइंस नाम की पत्रिका में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक महिलाएं जब बोलते हुए दमदार भाषा का इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी बातों को पुरुषों द्वारा कही गई किसी बात या सुझाव जितना ही गंभीरता से लिया जाता है। यानी दमदार भाषा के इस्तेमाल से कार्यस्थल पर लैंगिक अंतर को कम किया जा सकता है।

### मुखर होने के फायदे

स्पष्ट संवाद। सेहतमंद रिश्ते और आपसी गलतफहमी की कोई जगह नहीं।

आत्मविश्वास में वृद्धि। मुखर संवाद लोगों को खुद की जरूरतों के लिए बोलने की ताकत देता है।

मुखर होने से आपसी बातचीत के जरिये समस्या का समाधान तलाशने की कुशलता विकसित होती है।

# बटर खिचड़ी




**सामग्री :**

घर पर टेस्टी और यूनिक बटर खिचड़ी बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी. जैसे 1 कप मूंग दाल, 1 कप चावल, 2-3 बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1 इंच कद्दूकस किया हुआ अदरक, 1 छोटा चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग, 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर, नमक स्वादानुसार, 2-3 बड़े चम्मच घी, ताजी बारीक कटी धनिया पत्ती और नींबू का रस इन सभी सामग्री की मदद से आप घर पर स्पेशल बटर खिचड़ी बना सकते हैं.

**बनाने का तरीका :**

टेस्टी बटर खिचड़ी बनाने के लिए सबसे पहले आपको मूंग की दाल और चावल दोनों को अच्छी तरह साफ पानी से दो से तीन बार धोना होगा. इसके बाद आप थोड़ी देर के लिए इन दोनों चीजों को पानी में भिगोकर रख दें. अब भिगोई हुई दाल को और चावल को कुकर में डाल दे. इसके बाद कुकर में हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और बाकी अपनी स्वाद अनुसार मसाले डाल दें. इसमें पानी की मात्रा



थोड़ी ज्यादा होनी चाहिए. जब कुकर से तीन या चार सिटी आ जाएं, तब तक आप एक पैन में घी गर्म करें. इसमें जीरा और हींग डाल दें. जब जीरा अच्छी तरह तड़क जाए, तो इसमें हरी मिर्च और कद्दूकस किया हुआ अदरक डाल दें. आप अगर चाहे तो इसमें बारीक कटे प्याज या टमाटर भी डाल सकते हैं. अब आप सभी भुने हुए मसाले को कुकर में डाल दे और इसे अच्छी तरह मिला लें.

**इन चीजों का रखें ध्यान**

अब इस खिचड़ी को एक बाउल में निकालें और इसमें बारीक कटी धनिया पत्ती और नींबू का रस डालकर इसे सर्वे कर सकते हैं. अगर आप अपनी खिचड़ी को और ज्यादा स्वादिष्ट बनाना चाहते हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब से कुछ सब्जियों डाल सकते हैं. अगर आप दही पसंद करते हैं, तो खिचड़ी के साथ दही भी सर्व कर सकते हैं. अगर आप इस खिचड़ी के टेस्ट को बढ़ाना चाहते हैं, तो ऊपर से घी या मक्खन भी डाल सकते हैं. इससे आपकी खिचड़ी और ज्यादा स्वादिष्ट लगेगी.

# वॉशरूम को देना चाहते हैं लग्जरी लुक

### तो फॉलो करें ये खास 5 टिप्स

हर किसी की यह इच्छा होती है कि वह घर के बैठक रूम से लेकर बाथरूम तक सब कुछ एकदम लग्जरी बनवाएं. लेकिन बजट नहीं होने की वजह से कुछ लोगों की यह इच्छा अधूरी रह जाती है. अगर आप भी अपने घर के वॉशरूम को लग्जरी बनाना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप आसानी से अपने वॉशरूम को लग्जरी बना सकते हैं. आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.

### 1. फॉलो करें ये टिप्स

बड़े-बड़े लग्जरी होटल जैसी वॉशरूम अब आपके घर पर भी देखने को मिलेगी. इसके लिए आप बाथरूम में कुछ खुशबूदार कैंडल्स और एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं. आप इन्हें ऑनलाइन या फिर किसी



डेकोरेशन की शॉप से भी खरीद सकते हैं. यह आपके वॉशरूम को लग्जरी लुक देने में मदद करेगी.

### 2. खूबसूरत वॉलपेपर का इस्तेमाल

इसके अलावा आप अपने वॉशरूम में खूबसूरत वॉलपेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं, डिजाइनर वॉलपेपर आपके वॉशरूम को रिच और लग्जरी लुक देंगे. आप वॉशरूम की वॉल को डेकोरेट करने के लिए पेंटिंग कर सकते हैं.

### 3. पौधों का इस्तेमाल

बाथरूम को लग्जरी बनाने के लिए आप वॉशरूम में छोटे-छोटे पौधे, गमले रख सकते हैं, जो आपके वॉशरूम को लग्जरी लुक देगा. आप इन्हें साइड में एक ट्रे में जमा सकते हैं. आपको ऐसे पौधों का इस्तेमाल करना चाहिए जिन्हें सूरज की धूप के बिना अंदर रखा जा सके.

### 4. शोकेस का इस्तेमाल

आप अपने बाथरूम को लग्जरी बनाने के लिए शोकेस का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके अंदर आप वॉशरूम से जुड़े आइटम या दूसरे कुछ डेकोरेटिव आइटम रख सकते हैं. आप इन शोकेस में खुशबूदार स्प्रे बॉटल भी रख सकते हैं. यह आपके वॉशरूम को खूबसूरत बनाने के साथ महका देगा.

### 5. बनवाएं मिनी स्टोर

सिंक के नीचे की खाली जगह में आप मिनी स्टोर बना सकते हैं. यहां पर आप शैंपू, टूथपेस्ट, शेविंग किट, टॉवल जैसी चीज रख सकते हैं, ताकि आपका बाथरूम भरा हुआ ना दिखे और सारा सामान व्यवस्थित आ जाए. इन टिप्स को अपनाकर आप आसानी से अपने घर के वॉशरूम को लग्जरी बना सकते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## चुटकुले

■ वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं,
**जय-** बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि
तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं.

■ लड़का - पता है, बस में बैठते हुए मैं किसी लड़की को खड़ा नहीं देख सकता..
लड़की - तो फिर तुम क्या करते हो..?
लड़का - मैं अपनी आंखें बंद कर लेता हूं..!!!

■ **पहला दोस्त** - क्या कर रहे हो भाई?
दूसरा दोस्त - खा रहा हूं भाई...!
पहला दोस्त - अकेले-अकेले...?
दूसरा दोस्त - अबे बीवी से ताने खा रहा हूं, आजा तू भी खा ले...!!!

■ एक औरत ने पंडित जी से घर की खुशहाली का उपाय पूछा.
**पंडित जी** .. बेटी पहली रोटी गाय को खिलाया करो और आखिरी रोटी कुत्ते को.
**औरत..** पंडित जी मैं ऐसा ही करती हूं. पहली रोटी खुद खाती हूं और आखिरी रोटी अपने पति को खिलाती हूं

## आज का राशिफल

**मेष :** आज वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। समय की अनुकूलता मिलेगी।

**वृषभ :** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मिथुन :** प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। भाइयों से सहयोग मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। जल्दबाजी न करें।

**कर्क :** नौकरी में अधिकारी आपसे अधिक काम की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय-व्यापार से मनोनुकूल लाभ होगा। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। समय पर धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी।

**सिंह :** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। पारिवारिक चिंताओं में कमी होगी। प्रमाद न करें। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें। पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी।

**तुला :** नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। प्रमाद से बचें। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। इच्छाशक्ति प्रबल करें। फालतू खर्च होगा। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई भी निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**धनु :** नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अज्ञात भय रहेगा। पारिवारिक सहयोग से प्रसन्नता रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**मकर :** योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रमाद न करें। अध्यात्म में रुचि रहेगी।

**मीन :** कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। अज्ञात भय रहेगा। अनहोनी की आशंका रहेगी। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### बीएचयू परिसर में छात्रा से गैंगरेप के आरोपी जेल से रिहा, भाजपा सरकार को घेरा

**लखनऊ.** पिछले साल वाराणसी के आईआईटी-बीएचयू परिसर के अंदर एक छात्रा के साथ कथित तौर पर हुए सामूहिक बलात्कार की घटना के दो आरोपियों की रिहाई को लेकर सपा और कांग्रेस ने योगी सरकार पर जोरदार हमला बोला। विपक्ष ने आरोपियों की रिहाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के कथित 'महिला सुरक्षा' के पाखंड का पर्दाफाश होना बताया। दरअसल सामूहिक बलात्कार के आरोपियों कुणाल पांडे और आनंद उर्फ अभिषेक चौहान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिनमें उनका न्यायालय के आदेश के बाद वाराणसी की जेल से उनकी रिहाई पर उनका जोरदार स्वागत होते देखा जा सकता है।

### सरेराह छात्राओं के साथ छेड़छाड़; युवकों ने रास्ते में रोककर कपड़े फाड़े, थप्पड़ भी मारा

**कानपुर.** कानपुर में शोहदों ने हदें पार कर दीं। कॉलेज से बारहवीं की मार्कशीट लेकर घर लौट रहीं दो छात्राओं पर फिल्मी स्टाइल में आए एक शोहदे ने अचानक थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। बीच सड़क दोनों छात्राओं की चुन्नी खींचकर उनके कपड़े फाड़ दिए। एक छात्रा भइया-भइया करके गिड़गिड़ाई तो शोहदे ने उसे और तमाचे मारे। सड़क के दूसरी ओर खड़ा दूसरा शोहदा घटना की रील बनाता रहा। वीडियो की धमकी देकर छात्राओं को चुप करा दिया। 29 अगस्त को जब तीसरे शोहदे ने वीडियो वायरल किया तो मामला पुलिस के संज्ञान में आया। पुलिस ने एक छात्रा के पिता को सुरक्षा का भरोसा देते हुए 30 अगस्त को तहरीर दिलवाई। पुलिस ने शनिवार को आरोपी अमित और अफरीदी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वीडियो वायरल करने वाले भेलामऊ सचेंडी निवासी सचिन कुमार की तलाश पुलिस कर रही है। हालांकि अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### बाइक पर आ रहे पशु चोरों की पुलिस से मुठभेड़, दारोगा समेत दो घायल, 5 गिरफ्तार

**बिजनौर.** बिजनौर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पशु चोरों के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से एक दारोगा घायल हो गया। मुठभेड़ में एक पशु चोर के भी जख्मी होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि घायल चोर के साथ-साथ उसके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक राम अर्ज ने रविवार को बताया कि शनिवार/रविवार की दरम्यानी रात को पुलिस कर्मी कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मालीवाला तिराहे पर गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग आते दिखे। अर्ज के अनुसार, इन लोगों को शक के आधार रोकने की कोशिश की गई, तो उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया और मौके से भागने लगे। अर्ज ने बताया कि बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली हाथ में लगने से दारोगा आशीष पुनिया घायल हो गया। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में तंजीम नाम के एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस दल ने मौके से तंजीम और उसके साथियों- अनस, शुएब, अरशद और आदिल को गिरफ्तार कर लिया।

# 10 साल में ग्लोबल इकोनॉमी 35% बढ़ी

## मोदी बोले- भारतीय अर्थव्यवस्था में 90% इजाफा हुआ, देशवासियों को सुशासन देना हमारा संकल्प

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि जब लोकसभा चुनाव के नतीजे आए थे, तो मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में हमारी सरकार तीन गुना तेजी से काम करेगी। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अब इरादे और मजबूत हैं और देश के हर नागरिक की तरह सरकार भी उम्मीद और विश्वास से भरी हुई है। पीएम ने आगे कहा कि पिछले 10 साल में वैश्विक अर्थव्यवस्था केवल 35% बढ़ी है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था इतने ही समय में लगभग 90% बढ़ी है। यह एक



टिकाऊ विकास है जो हमारे देश ने हासिल किया है। यह लगातार आगे बढ़ता रहेगा। हमारा मंत्र लगातार सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन रहा है। देश की उपलब्धियों को देखते हुए हमारे देश की जनता भी अब आत्मविश्वास से भरी हुई है।

**3 करोड़ घरों को मंजूरी दी**

PM मोदी ने कहा कि 100 दिन भी नहीं बीते हैं, हम भौतिक बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने में लगे हैं। हम सामाजिक बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहे हैं। हम लगातार सुधारों को आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले तीन महीनों में हमने गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए एक के बाद एक बड़े फैसले लिए हैं। हमने गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घरों को मंजूरी दी है।

### फोरम में PM मोदी की दो बड़ी बातें...

- हमारे सरकार के तीसरे कार्यकाल को अभी 100 दिन भी नहीं हुए हैं। हम फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने में जुटे हैं। हम सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहे हैं। इन 100 दिनों के भीतर देश के 11 लाख ग्रामीण सामान्य परिवारों से 11 लाख नई लखपति दीदी निकलकर आई हैं।
- पिछले 10 साल में इसमें 60,000 से एक लाख अधिक मेडिकल सीटें जोड़ी हैं। अगले पांच साल में 75,000 से अधिक सीटें जोड़ी जाएंगी। इसके अलावा अब हमारा संकल्प दुनिया भर में हर खाने की मेज पर 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद सुनिश्चित कराना है।

### 1 दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 1 दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और ये लोग सिर्फ गरीबी से बाहर नहीं आए हैं, उन्होंने नव मध्यम वर्ग का निर्माण किया है। ये गति और पैमाना ऐतिहासिक है। हमने गरीबों के प्रति सरकार का नजरिया बदला है। उनके पास बैंक खाते नहीं थे, बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। इसलिए, हमने उनकी बाधाएं दूर कीं। जिनके पास दशकों से बैंक खाते नहीं थे, वे आज अपने खातों से डिजिटल लेन-देन कर रहे हैं। जिनके लिए बैंकों के दरवाजे बंद थे।

# बैंक की वॉर्निंग : खाते से पैसे चोरी होने का डर

### SMS से बढ़ सकती है टेंशन, न करें ये गलती

**मुंबई.** बैंकिंग फ्रॉड का खतरा काफी बढ़ गया है। साइबर क्रिमिनल नए-नए तरीकों से यूजर्स के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। इसी खतरे को देखते हुए ICICI बैंक ने यूजर्स के लिए एक वॉर्निंग जारी की है। इस वॉर्निंग में SMS से होने वाले स्कैम के बारे में यूजर्स को अलर्ट किया गया है। बैंक ने कहा कि जालसाज फेक मेसेज भेज कर यूजर्स को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसके लिए एसएमएस में मलीशियस लिंक भेजे जाते हैं और इन पर क्लिक करने से फोन में मौजूद सेंसिटिव डेटा का ऐक्सेस हैकर को मिल जाता है।

बैंक ने यूजर्स को अलर्ट करते हुए कहा कि बैंक, सरकारी एजेंसी




या किसी भी कंपनी से मेसेज रिसीव होने पर उसके सच्चाई को खुद से चेक करें। इसके लिए आप सीधे बैंक के कस्टमर केयर और सरकारी एजेंसी को कॉल या ईमेल कर सकते हैं। हमेशा ध्यान रखें कि मेसेज में दिए गए किसी भी कॉन्टैक्ट नंबर पर आपको कॉल नहीं करना है।

बैंक कभी भी ग्राहकों से ओटीपी नहीं मांगता। अगर आपसे कोई ओटीटी मांगता है, तो आपको समझ जाना चाहिए कि वह एक साइबर क्रिमिनल है। बैंक कभी भी ओटीपी के लिए कॉल नहीं करता। इस तरह के फ्रॉड को आप तुरंत cybercrime.go.in पर जाकर रिपोर्ट कर सकते है। इसके अलावा आप 1930 पर कॉल करके भी अपने शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

ICICI बैंक ने एसएमएस स्कैम के लिए यूज की जाने वाली कुछ ट्रिक्स को शेयर किया है, ताकि आप ऐसे किसी भी फ्रॉड को समय रहते पहचान लें और सेफ रहे।

### आइए जानते हैं डीटेल...

1- बैंक ने कहा कि हैकर यूजर्स को अनजान नंबर से मेसेज करते हैं। स्कैमर बड़ी चालाकी से इस मेसेज को ऐसा दिखाते हैं, जिससे यूजर्स को यह असली लगता है।
2- एसएमएस यूजर्स को तुरंत ऐक्शन लेने के लिए उससाने वाले होते हैं। आमतौर पर इसमें बैंक खाते से पैसे कटने या अकाउंट से सस्पेंड होने की बात कही जाती है, ताकि यूजर का ध्यान खींचा जा सके।
3- आपके बैंक डीटेल को जानने के लिए हैकर आपको लिंक पर क्लिक, ऐप डाउनलोड या किसी नंबर पर कॉल करने के लिए कह सकते हैं।
4- फेक मेसेज को पहचानने के लिए आप उसे ध्यान से पढ़ सकते हैं। आमतौर पर साइबर क्रिमिनल जो मेसेज भेजते हैं, उनमें ग्रामर या स्पेलिंग का गड़बड़ी रहती ही है।

# महाराष्ट्र विस चुनाव में ताल ठोंकेगी सपा



### इन चार बड़े नेताओं का दी गई जिम्मेदारी

**मुंबई.** लोकसभा चुनाव के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद समाजवादी पार्टी अब दूसरे राज्यों में भी विस्तार के लिए गंभीरता से जुट गई है. जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के साथ अब सपा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी अपना दम दिखाएगी. अखिलेश यादव की नजर महाराष्ट्र की उन विधानसभा सीटों पर हैं जहां उत्तर प्रदेश के लोग बहुतायत संख्या में रहते हैं.

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में एक बैठक बुलाई. जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई. इस बैठक में महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू काजमी भी शामिल हुए. इस बैठक में सपा के प्रभाव वाली सीटों को लेकर पार्टी नेताओं से चर्चा की. जिसके बाद अखिलेश यादव ने मुंबई और महाराष्ट्र में चार नेताओं को बड़ी ज़िम्मेदारी देते हुए उन्हें प्रभारी नियुक्त किया हैं.

इन नियुक्तियों में अखिलेश यादव ने सामाजिक समीकरण का भी ध्यान रखा है, जिसमें दो दलित, एक पिछड़ा और एक ब्राह्मण शामिल हैं. सपा नेता अबू आजमी के कंधों पर इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी. अखिलेश यादव ने इस बार महाराष्ट्र चुनाव में महा विकास अघाड़ी गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहते हैं.

### इन चार नेताओं को दी गई जिम्मेदारी

समाजवादी पार्टी ने यूपी विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय, कौशांबी की मंझनपुर सीट से विधायक इंद्रजीत सरोज, केराकत से तूफानी सरोज, और जौनपुर की मलहनी सीट से विधायक लकी यादव को महाराष्ट्र में चुनाव की जिम्मेदारी दी है. सपा अध्यक्ष में राज्य के प्रभारी नियुक्ति में भी पीडीए समीकरण का पूरा ध्यान रखा है. इनमें से दो दलित, एक पिछड़ा और एक ब्राह्मण समाज से हैं. इसके अलावा अबू आजमी तो पहले से ही अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं.

### सितंबर में भी जमकर होगी बारिश

**नई दिल्ली.** भारतीय मौसम विभाग ने देश में बारिश को लेकर नई रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक देश के अधिकतर हिस्सों में अगस्त वाला ट्रेंड जारी रहेगा और सितंबर में भी जमकर बारिश होगी। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों और पंजाब में काफी ज्यादा बरसात हो सकती है। इसके चलते यहां पर बाढ़ और लैंड स्लाइड जैसी घटनाएं हो सकती हैं। बता दें कि अगस्त में भारत में औसत से 16 फीसदी अधिक बारिश हुई है।

2001 से अभी तक यह पांचवां मौका था जब ऐसा हुआ है, वहीं 1901 से 29वीं बार ऐसा हुआ है। हालांकि अगस्त महीने में हुई 287 एमएम की अच्छी-खासी बारिश भी गर्मी शांत नहीं कर सकी। अगस्त महीने में मिनिमम टेम्प्रेचर 1901 से अब तक चौथा सबसे ज्यादा है।

अगर क्षेत्रीय हिसाब से देखें तो उत्तर पश्चिमी भारत में सामान्य से 32 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। 2021 से अब तक का दूसरा ऐसा मौका है, जब इतनी बारिश हुई है।

# बांग्लादेश में हिंदू शिक्षकों से जबरन लिया जा रहा इस्तीफा

**ढाका.** शेख हसीना सरकारी की बर्खास्तगी के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ताजा मामला वहां बच्चों को पढ़ाने वाले हिंदू शिक्षकों से जुड़ा है। उन्हें अपनी सरकारी नौकरी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उनसे जबरन इस्तीफा लिया जा रहा है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पड़ोसी देश में अब तक कम से कम 50 हिंदू शिक्षकों को अपनी नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया गया है।

बांग्लादेशी दैनिक प्रोथोम अलो के अनुसार, बरिशाल के बेकरगंज सरकारी कॉलेज की प्रिंसिपल शुक्ला रानी हलदर को भी अपना इस्तीफा देना पड़ गया है। 29 अगस्त को छात्रों और बाहरी लोगों की भीड़ ने उनके कार्यालय पर धावा बोल दिया और उनसे इस्तीफा देने की मांग की। कई घंटों तक डराने-धमकाने के बाद परेशान



हलदर ने एक सादा कागज पर सिर्फ 'मैं इस्तीफा देती हूं' लिखकर सरकारी नौकरी छोड़ दी।

इससे पहले 18 अगस्त को अजीमपुर गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल और कॉलेज की करीब 50 छात्राओं ने प्रिंसिपल गीतांजलि बरुआ को घेर लिया और उनसे सहायक प्रधानाध्यापक गौतम चंद्र पॉल और शारीरिक शिक्षा शिक्षिका शहनाजा अख्तर से इस्तीफा मांगा। बरुआ ने डेली स्टार को बताया, '18 अगस्त से पहले उन्होंने कभी मेरा इस्तीफा नहीं मांगा। उस सुबह उन्होंने मेरे कार्यालय में धावा बोला और मुझे अपमानित किया।'

नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के वादों के बावजूद बांग्लादेश में हिंदू विरोधी घटनाएं हो रही हैं। इसकी वजह से बांग्लादेश में हिंदू शिक्षकों के बीच भय और असहायता की भावना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है।

काबी नज़रुल विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन और शासन अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर शांजय कुमार मुखर्जी ने इंडिया टुडे से कहा, "मुझे प्रॉक्टर और विभागाध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। हम इस समय बहुत असुरक्षित हैं।"

# पर्यूषण पर्व पर दो दिन बंद रहेगा देवनार कत्लखाना -मनपा

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए मनपा प्रशासन ने एक आदेश जारी किया है जिसके तहत पर्यूषण के समय दो दिन 4 और 7 सितंबर को देवनार कत्लखाने को बंद करने का निर्णय लिया है। जैन ट्रस्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी कि पर्यूषण के समय सात दिन तक कत्लखाना बंद रखा जाए। कोर्ट ने मनपा को तत्काल निर्णय लेने का आदेश दिया था। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि कोर्ट के निर्देश के बाद विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद मनपा ने पर्यूषण पर्व के दौरान पशु वध और मांस की बिक्री पर एक दिन की बंदी लगाने का निर्णय लिया है। इसी तरह 7 सितंबर को गणेश उत्सव त्यौहार होने के कारण इस दिन भी क़त्ल खाना बंद रखने का निर्णय लिया गया है। पर्यूषण पर्व त्योहार 31 अगस्त से 7 सितंबर के बीच मनाया जा रहा है।

पर्यूषण पर्व जैन धर्मावलंबियों का एक वार्षिक पवित्र त्योहार है और आध्यात्मिक उत्थान तथा आत्म-शुद्धि के लिए मनाया जाता है। जैन ट्रस्ट ने इस समय पूरे सप्ताह पशु वध और मांस की बिक्री पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। मनपा ने अक्टूबर 2015 में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार कत्लखाने सालाना केवल 15 दिनों के लिए बंद रखा जाएगा, जिसमें पर्यूषण पर्व शामिल नहीं है। चूँकि यह त्योहार गणेश चतुर्थी के साथ ही पड़ रहा है, इसलिए पर्यूषण पर्व को एक दिन कत्लखाने को अवकाश कैलेंडर में शामिल कर लिया गया है। शेठ मोतीशा लालबाग जैन चैरिटीज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमें कहा गया था कि जैन धर्म पर्यूषण के दौरान शांति और 'अहिंसा' सहित विश्वास के पर्व के रूप में मनाया जाता है।

# कांग्रेस नेता ने परिवार सहित की खुदकुशी

### पत्नी और 2 बेटों संग खाया जहर

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में कांग्रेस नेता पंचराम यादव (66) ने परिवार सहित जहर खाकर खुदकुशी कर ली। मृतकों में कांग्रेस नेता की पत्नी और दो बेटे भी शामिल हैं। खुदकुशी का कारण अभी तक सामने नहीं आ सका है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पंचराम यादव जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव थे। उन्होंने, उनकी पत्नी दिनेश नंदनी यादव (55), बेटों सूरज यादव (27) और नीरज यादव (32) ने एक साथ जहर का सेवन किया था। चारों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर देख बिलासपुर रेफर कर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि सिम्स अस्पताल में नीरज यादव की इलाज के दौरान मौत हुई है। वहीं पंचराम यादव, दिनेश नंदनी यादव और सूरज यादव ने RB अस्पताल में दम तोड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच तेज कर दी है। जहर खाने की वजह अभी सामने नहीं आई है।

# विमेंस बिग बैश के ड्राफ्ट में जेमिमा और दीप्ति शामिल

- कुल 6 भारतीय खिलाड़ी चुनी गईं
- स्मृति मंधाना एडिलेड स्ट्राइकर्स से खेलेंगी

विमेंस बिग बैश लीग 2024 के ओवरसीज ड्राफ्ट में जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा सहित 6 भारतीय खिलाड़ियों को चुना गया है। जेमिमा रॉड्रिग्स और शिखा पांडे ब्रिस्बेन हीट की तरफ से खेलेंगी।

वहीं ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मेलबर्न स्टार्स से खेलती नजर आएंगी। इससे पहले स्मृति मंधाना को डिफेंडिंग चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स ने प्री-ड्राफ्ट ओवरसीज खिलाड़ी के रूप में चुना था।

### जेमिमा, जोनासन और शिखा WBBL में भी एक टीम में

विमेंस प्रीमियर लीग और विमेंस कैरेबियन लीग के बाद जेमिमा रॉड्रिग्स, जेस जोनासन और शिखा पांड़े विमेंस बिग बैश लीग में भी एक टीम से खेलती नजर आएंगी। तीनों ही खिलाड़ियों को ब्रिस्बेन हीट ने इस सीजन के लिए अपने साथ जोड़ा है। तीनों खिलाड़ी WPL में दिल्ली कैपिटल्स और WCPL में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए एक टीम से खेल चुकी हैं।



### विमेंस ड्राफ्ट के लिए केट क्रॉस और लॉरेन फिलर शामिल

महिलाओं के ड्राफ्ट के लिए इंग्लैंड की केट क्रॉस और लॉरेन फिलर, दोनों पूरे सीजन के लिए उपलब्ध हैं। साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल, जिन्हें होबार्ट हरिकेंस द्वारा रिटेन किया जा सकता है।

इस वर्ष के BBL ड्राफ्ट के लिए 30 अलग-अलग देशों के खिलाड़ी के नाम मांगे गए थे। इसमें हांगकांग, युगांडा, जापान, ग्रीस, इंडोनेशिया और रोमानिया जैसे उभरते क्रिकेट देशों के भी खिलाड़ी है। ड्राफ्ट में कई बिग बैश आइकन की वापसी भी देखी गई है। हारिस रउफ, जिन्हें मेलबर्न स्टार्स द्वारा रिटेन किया जा सकता है। उन्होंने 6-9 गेम प्लस फाइनल के लिए नामांकन किया गया है। स्टार्स के साथ उनका पिछला कार्यकाल शानदार था। उन्होंने मेलबर्न स्टार्स को कई मैच जिताए थे।

### स्मृति मंधाना डिफेंडिंग चैंपियन से खेलेंगी

- भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना विमेंस बिग बैश लीग के इस सीजन में डिफेंडिंग चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स से खेलती नजर आएंगी। उन्होंने फ्रेंचाइजी के साथ प्री-ड्रॉफ्ट ओवरसीजन कॉन्ट्रैक्स साइन किया है। वे ऐसा करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी हैं। मंधाना के अलावा, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रॉड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को भी के ड्रॉफ्ट में शामिल किया गया है।
- 28 साल की मंधाना लीग के 10 साल के इतिहास में चौथी टीम से खेलती नजर आएंगी। इससे पहले मंधाना ने 2016 में ब्रिस्बेन हीट, 2018-19 में होबार्ट हरिकेन्स, 2021 में सिडनी थंडर्स का हिस्सा रह चुकी हैं।
- भारत की वाइस कैप्टन मंधाना 2023 में इस लीग का हिस्सा नहीं थीं। उन्होंने वर्कलोड मैनेजमेंट और घरेलू क्रिकेट के कारण लीग में हिस्सा नहीं लेने का फैसला लिया था। लीग का मौजूदा सीजन 1 सितंबर से शुरू हो रहा है।

# वक्फ बोर्ड संशोधन के लिए भाजपा ने बनाई टीम

- 5 राज्यों के वक्फ बोर्ड अध्यक्ष इसके सदस्य
- मुस्लिम विद्वानों से चर्चा करेंगे, फायदे बताएंगे

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर 7 सदस्यों की टीम बनाई है। यह टीम मुस्लिम समुदाय से बातचीत करेगी और उनके सुझाव इकट्ठा करेगी।

31 अगस्त को बनाई गई टीम में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष



समेत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के 2 राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। ये सदस्यअलग-अलग राज्यों में जाकर मुस्लिम विद्वानों से चर्चा करेंगे। उनकी चिंताओं को समझेंगे और विधेयक पर सुझाव जुटाएंगे। साथ ही, वे संशोधन की जरूरत और उसके फायदे बताएंगे।

साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद किसी भी गलत धारणा और संदेह का भी समाधान करेंगे। इस समिति से पहले लोकसभा सचिवालय ने 31 सदस्यों की JPC बनाई है। जिसकी तीसरी बैठक 5 सितंबर को है।

### जनता से भी मांगे सुझाव

लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी बनाई गई है। 31 सदस्यीय समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं। समिति की पहली बैठक 22 अगस्त को हुई थी। दूसरी बैठक 30 अगस्त को नई दिल्ली में हुई। बैठक के बाद समिति ने जनता विचार और सुझाव मांगे हैं। इसके लिए 15 दिन का समय दिया है।

# JDU नेता केसी त्यागी ने पद से दिया इस्तीफा

### पार्टी बोली- निजी वजह; नए प्रवक्ता का हुआ ऐलान

**पटना.** बिहार में बड़ी सियासी हलचल हुई है। राज्य में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी की तऱफ से प्रेस रिलीज जारी कर अभी यह कहा गया है कि केसी त्यागी ने निजी कारणों की वजह से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दिया है। जदयू ने केसी त्यागी के इस्तीफे के बाद नए राष्ट्रीय प्रवक्ता का ऐलान भी कर दिया है। केसी त्यागी की जगह अब राजीव रंजन प्रसाद को जदयू का राष्ट्रीय प्रवक्ता घोषित किया गया है।

जनता दल यूनाइटेड के महासचिव आफाक अहमद खान की तरफ से विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है, 'जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी जो प्रवक्ता के पद पर पार्टी में हैं, उन्होंने निजी कारण से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है।' बताया जा रहा है कि केसी त्यागी पार्टी के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे

केसी त्यागी की जदयू के दिग्गज नेता हैं और कई मोर्चों पर केसी त्यागी पार्टी की तरफ से बोलते आए हैं। तेज तर्रार प्रवक्ता और कुशल राजनेता के तौर पर जाने जाने वाले केसी त्यागी के इस्तीफा ने सबको चौंका दिया है। हालांकि, कुछ दिनों पहले केसी त्यागी ने एक बार और चौंकाया था जब वो विपक्षी दलों के एक ग्रुप में नजर आए थे। दरअसल देश के विपक्षी दलों के एक ग्रुप ने फिलिस्तीन के नेता से मुलाकात थी।

यह मुलाकात अल गुद्स के महासचिव मोहम्मद मकराम बलावी से हुई थी। इस दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं के अलावा वहां जेडीयू नेता केसी त्यागी भी नजर आए थे। इस मुलाकात के बाद संयुक्त बयान जारी किया गया था।


## आम सूचना

मैं मिस सरोजबाला प्रकाश गुजरानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 7, ग्राऊंड फ्लोर, अंबाजी धाम, बैरक नं. 714, रुम नं. 14 से 18, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 26बीओ007713400) उक्त प्रॉपर्टी वीना प्रकाश गुरजानी के नाम पर है। मुझे श्री प्रकाश सेवाराय गुजरानी, श्रीमती कविता अमर होतचंदानी अल्यास कविता प्रकाश गुजरानी, श्रीमती अमोल गिरीश लालवानी अल्यास उषा प्रकाश गुजरानी, श्री दीपक प्रकाश गुजरानी व श्रीमती आरोही रोहित साहित्य अल्यास चंदा प्रकाश गुजरानी ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 29.8.2024 सी.नं. 416 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**मिस सरोजबाला प्रकाश गुजरानी**

## आम सूचना

मैं श्रीमती जयश्री पेटरास खंडागले सभी को सूचित कर रही हूं कि ब्लाक नं. ए-757 के पीछे, रुम नं. 1514, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 53डीआय011431200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती भारती रामसिंग यादव के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 17.12.2022 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती जयश्री पेटरास खंडागले**

## आम सूचना

मैं श्री राजू चंदनमल साहिता सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 703, 7वां माला, रामचंद को.आप. हाउसिंग सोसायटी लि., रुम नं. 403, 404, 405, ब्लॉक नं. ए-68, गोल मैदान, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 13बीआय015573900) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयराम गिरधारीलाल छाब्रिया के नाम पर है। उन्होंने सेल एग्रीमेंट दि. 25.10.2001 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजू चंदनमल साहिता**

## संक्षेप...

### फर्जी चिकित्सक गिरफ्तार

**ठाणे.** ठाणे जिले में बिना किसी मेडिकल डिग्री के 'क्लीनिक' संचालित कर रहे एक फर्जी चिकित्सक को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। शांतिनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने भिवंडी के गैबी नगर निवासी अब्दुल फरीद उर्फ सद्दाम शरीफ खान (34) को तड़के गिरफ्तार किया। भिवंडी मनपा के चिकित्सा अधिकारियों ने खान के 'क्लीनिक' पर छापा मारा और पाया कि क्वीलिन बिना 'वैध परमिट' के संचालित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी मरीजों को दवाइयां देकर उनसे अत्यधिक धनराशि वसूलता था।

## शिवाजी मूर्ति गिरने के खिलाफ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का प्रोटेस्ट

# उद्धव ने शिंदे-फडणवीस की फोटो पर चप्पल मारी

### ■ CM बोले- जनता इन्हें जूतों से पीटेगी

**मुंबई.** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के विरोध में आज रविवार को महाविकास अघाड़ी (MVA) मुंबई में प्रदर्शन कर रही है। इसे जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन नाम दिया गया है।

MVA ने साउथ मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक पैदल मार्च निकाला। इसमें उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, शरद पवार, सुप्रिया सुले, नाना पटोले समेत MVA की तीनों पार्टियों के बड़े नेता शामिल हुए हैं।

प्रदर्शन के दौरान उद्धव ठाकरे ने CM शिंदे, डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारी। उन्होंने कहा- मोदी की माफी अंहकार से भरी हुई थी। वहीं, शरद पवार ने कहा- मूर्ति गिरना भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है।

इधर, CM शिंदे ने कहा- विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है। जनता यह देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। भाजपा ने भी



विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया है।

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में किले में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा टूटने का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है। इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तक ने माफी मांग ली है। पीएम मोदी के माफी मांगने के बाद मामला शांत होने की बजाय और गरम हो गया। महाराष्ट्र की सरकार ने जांच के लिए एसआईटी गठित की है तो 'इंडिया' गठबंधन ने इस मामले को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महाविकास अघाड़ी ने मेगा मुंबई प्रोटेस्ट का ऐलान कर दिया है। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सत्ताधारी बीजेपी विपक्ष के इस प्रदर्शन का जवाब देने के लिए अलग प्रदर्शन करने जा रही है। रविवार को गेट वे ऑफ इंडिया के पास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और सुरक्षा कारणों से आम लोगों के यहां आने पर रोक लगा दी गई। हुतात्मा चौक से शुरू होने वाले इस मार्च में शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे और एनसीपी (शरद पवार) चीफ शरद पवार भी शामिल हो रहे हैं। विपक्ष ने इस विरोध प्रदर्शन को 'जोड़े मारो' प्रोटेस्ट का नाम दिया है। इसका मतलब होता है 'चप्पल मारना'।

### भिवंडी में 500 किलो प्लास्टिक बैग जब्त !

**भिवंडी.** शहर में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है। इसे रोकने के लिए मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने पर्यावरण विभाग प्रमुख सुदाम जाधव के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है। तदुपरांत इस टीम ने प्लास्टिक बैग बिक्री करने वाली एक दुकान पर छापामार कर 500 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग जब्त कर दु- कानदार पर कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के नजराना कंपाउंड इलाके में दुकानदार विनोद कुमार मगनलाल पसानी ने अपनी दुकान में बिक्री करने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों का बड़ा स्टॉक रखे होने की सूचना इस टीम को मिली थी।

# 'माझी लाड़की बहिन' योजना का दूसरा फेज लॉंच



**हम सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं हुए- शिंदे**

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, हम सोने का चम्मच लेकर पैदा नहीं हुए. हम किसान परिवार से हैं. गरीबी का अनुभव करने के बाद हम समझ गए हैं कि इस तरह की योजना क्यों जरूरी है. हम 1,500 रुपये की कीमत जानते हैं.

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार (31 अगस्त) को कहा कि माझी लड़की बहिन योजना का दायरा बढ़ाकर 2.5 करोड़ महिलाओं को इसमें शामिल किया जाएगा, जबकि राज्य सरकार ने अब तक 1.7 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर की है.

मुख्यमंत्री ने यहां रेशमबाग मैदान में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अ जित पवार, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री अदिति तटकरे की मौजूदगी में माझी लड़की बहिन योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया.

महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने मध्यप्रदेश की तर्ज पर माझी लड़की बहिन योजना की शुरुआत की है. इस योजना के तहत महिलाओं को सरकार हर महीने 1500 रुपये देती है. यह रकम सीधे ही लाभार्थी बहनों के खातों में ट्रांसफर की जाती है.

गौरतलब है कि महाराष्ट्र की सरकार ने आम बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना 2024 की घोषणा की थी.

बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं. ऐसे में कहा जा रहा है कि सरकार योजनाओं के जरिए लोगों को लुभाने की कोशिश कर रही है. हालांकि अभी निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव की की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है.

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल अभी भले ही नहीं बजा है, मगर सियासी दांव-पेच शुरू है. प्रदेश में चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियां अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटी हैं. प्रदेश में महायुति गठबंधन की सरकार है. वहीं इस चुनाव में उनका मुकाबला महाविकास अघाड़ी गठबंधन से होगा.

### नवी मुंबई में 5 लाख मूल्य का गुटखा जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**ठाणे.** पुलिस ने नवी मुंबई में एक घर से पांच लाख रुपये से अधिक मूल्य का गुटखा जब्त किया है और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवी मुंबई पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने बृहस्पतिवार को तलोजा के पेंधर गांव में यह अभियान चलाया।

पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने अपने घर पर प्रतिबंधित गुटखा जमा किया हुआ है, सूचना के आधार पर एएनसी की टीम ने आवासीय परिसर में छापा मारा और 5,40,850 रुपये मूल्य का गुटखा जब्त किया।'' उन्होंने बताया कि पुलिस ने उस घर पर रहने वाले सतीशसिंह नेपालसिंह ठाकुर (32) और जितेंद्रकुमार राजकुमार कामथ (21) को भी गिरफ्तार कर लिया।

## शख्स की जेब में ड्रग्स रखकर हिरासत में लिया, घटना CCTV में कैद हुई

# सब-इंस्पेक्टर और 3 कॉन्स्टेबल सस्पेंड

**मुंबई.** मुंबई के खार में एक शख्स को फर्जी ड्रग्स केस में फंसाने की कोशिश का मामला सामने आया है। खार पुलिस स्टेशन के एंटी-टेरर सेल से जुड़े पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार (30 अगस्त) को शहर के कलीना इलाके में एक खुले प्लॉट पर छापा मारा था।

इस दौरान उन्होंने डेनियल नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। हालांकि, शनिवार (31 अगस्त) को घटना का CCTV फुटेज सामने आया। इसमें पुलिस का एक जवान ही अपनी पैंट की जेब से शख्स की जेब में कुछ सामान रखता हुआ दिखा। इसके





बाद चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

### DCP बोले- ड्रग्स की सूचना पर छापा मारने गए थे पुलिसकर्मी

डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (जोन 11) राजतिलक रोशन ने न्यूज एजेंसी PTI को सस्पेंड किए पुलिसकर्मियों में एक सब-इंस्पेक्टर और तीन कॉन्स्टेबल शामिल हैं। वे ड्रग्स की सूचना मिलने के बाद मौके पर छापा मारने गए पहुंचे थे।

DCP ने कहा कि CCTV फुटेज में पुलिसकर्मी संदिग्ध काम करते दिखे। उन्होंने छापा के दौरान निर्धारित प्रक्रिया का भी पालन नहीं किया। इन आरोपों के चलते उन्हें जांच होने तक निलंबित कर दिया गया है।

### शख्स बोला- पुलिस ने ड्रग्स केस में फंसाने की धमकी दी थी

PTI के मुताबिक, डेनियल ने एक लोकल न्यूज चैनल से बात करते हुए बताया कि आरोपी पुलिसकर्मियों ने पहले उसे नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट के मामले में फंसाने की धमकी दी। हालांकि, जब उन्हें पता चला कि उनकी हरकतें CCTV में कैद हो रही हैं, तो उन्होंने उसे छोड़ दिया।

डेनियल के एक साथी ने समाचार चैनल से बात करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने एक एक बिल्डर के इशारे पर डेनियल को निशाना बनाया। जिस प्लॉट पर यह घटना हुई, उसको लेकर डेनियल का बिल्डर से विवाद चल रहा है।

# 'परोपकार' ने बच्चों की शिक्षा में बढ़ाए मदद के हाथ



### ■ 150 गरीब बच्चों को बांटा धनादेश

**भिवंडी.** अखिल पद्मशाली समाज सभागृह पद्मानगर में ₹परोपकार₹ सामाजिक, शैक्षणिक संस्था की तरफ से करीब 150 गरीब बच्चों को शिक्षा में मदद की खातिर धनादेश का वितरण किया गया. मुख्य अतिथि उद्योगपति मुरली मनोहर तापड़िया एवम परोपकार संस्था अध्यक्ष रामकिशोर दरक की प्रमुख मौजूदगी में संपन्न हुए धनादेश वितरण कार्यक्रम में संस्था मार्गदर्शक शंकर केजरीवाल, महासचिव नरेश बंसल, भिवंडी क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष मनोज डूढाणी, कृष्णा गाजेंगी, मुरली राठी, राजू गाजेंगी, एड व्यंकटेश चिटकेन, गजानन लोहिया, सुनील पुजारी, रमेश मुंदड़ा, संजय कोठारी, मनोज बलदेवा, पवन बगदी, मनोज राठी, द्वारका असावा सहित पद्मशाली समाज के रामकृष्ण पोटाबत्तीनी, सागर येल्ले, कोंका मलेशम, वंगा पुरुशोत्तम, मारुति गल्लिपेल्ली, नरेंद्र वेंगल, वेंकटेश गुद्देली,विरेंद्र बोला, कंकाया धरना आदि गणमान्य लोग मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, ₹परोपकार₹ सामाजिक,शैक्षणिक संस्था द्वारा अखिल पद्मशाली समाज सभागृह में गरीब बच्चों की शिक्षा सहयोग हेतु आयोजित धनादेश वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्योगपति मुरली तापड़िया ने बच्चों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि, जीवन में शिक्षा बेहद जरूरी है. शिक्षा से ही जीवन में तरक्की, खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होता है. अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए. परोपकार संस्था देश की खुशहाली में योगदान की खातिर गरीब बच्चों की शिक्षा, सामाजिक, जनहित कार्यों में सहयोग के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है.

# घायल गोविंदा का स्वयं खर्च कर करवाया उपचार



**ठाणे.** करोड़ों रुपये खर्च कर दहीहंडी का प्रसिद्धि प्राप्त करने के लिए दहीहंडी आयोजकों की संख्या बढ़ रही है।लेकिन घायल हुए गोविंदाओं का ध्यान किसी को नही है।डॉ जितेंद्र आव्हाड के दिखाए राह पर चलने वाले राकांपा कार्यकर्ता अभिजीत पवार ने समाज को देखते हुए एक घायल गोविंदा को शहर में स्थित नामी गिरामी अस्पताल ज्यूपिटर नर भर्ती कर स्वयं के खर्च से उपचार करवाया।शहर में पवार की खूब प्रशंसा हो रही है।ओम साई गोविंदा पथक के जिग्नेश तांबड़े ने हंडी फोड़ने के प्रयास के दौरान ऊपर से नीचे गिरने से हाथ की हड्डी में गहरी चोट लग गई।शुरुआत में छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में किसी कारण से 15 दिन का डेट मिला।लेकिन जिग्नेश का तत्काल उपचार करवाना आवश्यक था।यह बात अभिजीत पवार को चलते ही कलवा अस्पताल में पहुच डिस्चार्ज करवाकर ज्यूपिटर अस्पताल में इलाज कर आज डिस्चार्ज करवा कर समाज के लिए अच्छा संदेश दिया।घायल गोविंदा का सत्कार डॉ जितेंद्र आव्हाड के उपस्थिति में किया गया।अभिजीत पवार ने कहा की विश्वस्तर पर दहीहंडी का आयोजन किया लेकिन कभी भी गोविंदा पथक का साथ दिया है हम भी उनके सिखाए मार्ग पर कार्य करने का प्रयत्न कर रहा हूं।

# प्रशासनिक अधिकारी 50 हजार के रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार





**मुंबई.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को घाटकोपर पश्चिम में रामनिरंजन झुनझुनवाला कॉलेज चलाने वाली हिंदी विद्या प्रचार समिति के साथ काम करने वाले एक प्रशासनिक अधिकारी को वित्तीय वर्ष जेसी कॉमर्स में एक छात्रा के दाखिले के लिए कथित तौर पर 50,000 रुपये मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान 56 वर्षीय रवींद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता की बेटी ने मार्च 2024 में एसएससी पूरी कर ली थी और वह उसके लिए कॉलेजों में दाखिला मांग रहा था।

उसने एक सूची में छह कॉलेजों के नाम लिखे थे और उनमें से एक झुनझुनवाला कॉलेज था। हालांकि, शिकायतकर्ता रिश्वत की रकम देने को तैयार नहीं था क्योंकि उसे पता चला कि यह एक सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज है और उसने एसीबी से संपर्क करने का फैसला किया। "फिर उसने बुधवार को एसीबी अधिकारियों से संपर्क किया। शुक्रवार को मुंबई एसीबी प्रमुख संदीप दीवान के मार्गदर्शन में मांग की पुष्टि करने के बाद एक जाल बिछाया गया।

चूंकि शिकायतकर्ता के पास केवल ₹10,000 थे, इसलिए ₹40,000 के नकली नोट प्लास्टिक में रखे गए थे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता को घाटकोपर में हिंदी विद्या प्रचार समिति कॉलेज पहुंचने के लिए कहा गया, जहां आरोपी सिंह ने पॉलीथीन बैग में रखे पैसे स्वीकार किए और उसे पकड़ लिया गया। एसीबी के एक अधिकारी ने कहा, ₹हमने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत लोक सेवक को रिश्वत देने से संबंधित धारा 7 के तहत उस पर मामला दर्ज किया है।

# कॉफी में कॉकरोच, होटल मैनेजर समेत 3 लोगों के खिलाफ मामला

मुंबई. पुलिस को शिकायत मिली कि मलाड के एक होटल में एक ग्राहक द्वारा ऑर्डर की गई कोल्ड कॉफी में कॉकरोच मिले. अंधेरी निवासी शिकायतकर्ता प्रतीक रावत (25) शुक्रवार रात अपने दोस्त के साथ कोल्ड कॉफी पीने के लिए मलाड इनफिनिटी मॉल के पास एक रेस्तरां में गया था। चूँकि उस समय उनकी कॉफ़ी कड़वी लग रही थी, इसलिए उन्होंने इसे थोड़ा मीठा करने के लिए कहा।

इसके बाद रावत और उनके दोस्तों ने कॉफी पी। तभी रावत को शीशे में कुछ नजर आया. जब उसने ध्यान से देखा तो पता चला कि वह कॉकरोच था। उन्होंने तुरंत उसकी तस्वीर खींची और यह मामला होटल मैनेजर के ध्यान में लाया. लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया.

आख़िरकार रावत ने खींची गई तस्वीर के आधार पर मलाड पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. इस मामले में मलाड पुलिस ने होटल मैनेजर, वेटर और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# श्रेया घोषाल ने कोलकाता में पोस्टपोन किया कॉन्सर्ट

### ■ बोलीं- डॉक्टर के रेप-मर्डर केस से आहत हूं, इस घटना ने मुझे हिलाकर रख दिया है

बॉलीवुड सिंगर श्रेया घोषाल ने कोलकाता में 10 सितंबर को होने वाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया है। श्रेया ने इंस्टाग्राम पर कहा है कि वो कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर से बेहद आहत हैं इसलिए उन्होंने यह फैसला किया है। 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी।



श्रेया का कॉन्सर्ट कोलकाता के नेताजी इनडोर स्टेडियम में होने वाला था। अपनी पोस्ट में श्रेया ने लिखा, 'मैं इस घिनौने अपराध से बेहद आहत हूं। एक महिला के तौर पर इस घटना ने मुझे हिलाकर रख दिया है। मैं और मेरे प्रमोटर सितंबर में आयोजित होने वाले कॉन्सर्ट को पोस्टपोन करना चाहते हैं। 14 सितंबर को आयोजित होने वाला कॉन्सर्ट अब अक्टूबर में होगा।' श्रेया ने आगे लिखा, 'इस कॉन्सर्ट का हमें बेसब्री से इंतजार था लेकिन ये भी बेहद जरुरी है कि हम सब मिलकर ऐसी चीजों के खिलाफ स्टैंड लें। मैं न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं।

मुझे उम्मीद है कि मेरे दोस्त और फैंस इस कॉन्सर्ट को आगे बढ़ाने के हमारे फैसले को स्वीकार करेंगे और समझेंगे।






उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099